वार्षिक खेलकूद सप्ताह का समापन

आइटीएस कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता में विजय छात्र-छात्राएं।

जासं, मोहननगर : आइटीएस मोहन नगर में बृहस्पतिवार को स्नातक छात्र-छात्राओं के द्वितीय वार्षिक खेलकूद सप्ताह का समापन हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता में रस्सा-कस्सी, 400 मीटर व 500 मीटर दौड़, चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर तथा होप रेस प्रतियोगिताएं हुई। रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में रोहित की टीम प्रथम एवं महिला वर्ग में स्वाति त्यागी की टीम प्रथम स्थान पर रही। पुरूष वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शुभम, रोहित तथा दीपक प्रथम स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सुमन, चेष्टा तथा इकरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चम्मच दौड़ में आशीष चौधरी, दीपक बाम एवं ऋषभ सिंह को पुरूष वर्ग में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। महिला वर्ग में निशु यादव, यशी एवं अक्शिता को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में आकांशा, मोनी एवं रिया क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। होप जंप प्रतियोगिता में दीपक बाम, आशीष एवं समर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक प्रतियोगिता में अक्षय, युवराज एवं रोहित त्यागी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

एनुअल स्पोर्ट्स वीक में रोहित और स्वाति नंबर वन

एनबीटी न्यूज, मोहन नगर : आईटीएस कॉलेज में गुरुवार को सेकंड एनुअल स्पोर्ट्स वीक संपन्न हो गया। इसमें बीबीए व बीसीए के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कॉम्पिटिशन में रस्साकशी, 400 मीटर रेस व 50 मीटर दौड़ हुई। कॉलेज के एजुकेशन डायरेक्टर अर्पित चड्ढा ने बताया कि रस्साकशी के बॉयज ग्रुप में रोहित और गर्ल्स टीम में स्वाति त्यागी ने फर्स्ट पोजिशन हासिल किया। 400 मीटर दौड़ के बॉयज ग्रुप में शुभम, रोहित और दीपक फर्स्ट रहे तो गर्ल्स में सुमन, चेष्टा और इकरा ने बाजी मारी। वहीं चम्मच दौड़ में आशीष चौधरी प्रथम, दीपक सेकंड और ऋषभ थर्ड पोजिशन पर रहें। इस बीच म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी खेली गई। जिसमें आकांक्षा, मोनी व रिया फर्स्ट, सेकंड व थर्ड प्लेस पर रहीं। वहीं रोप जंप में दीपक प्रथम, आशीष सेकंड व समर तीसरे पायदान पर रहे। एजुकेशन डायरेक्टर ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

विजेताओं को सम्मानित किया

साहिबाबाद। आइटीएस कालेज में चल रही खेल प्रतियोगिता का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। 400मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिता में शुभम, रोहित एवं दीपक और बालिका वर्ग में सुमन, चेष्टा और इकरा ने पहला स्थान हासिल किया। स्पून रेस में बालक वर्ग में अशीष और बालिका वर्ग में निशू यादव ने पहला स्थान हासिल किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में आकांशा ने बाजी मारी। वहीं हॉप जंप प्रतियोगिता में दीपक ने जीत हासिल की। गोला फेंक में अक्षय ने जीत दर्ज की।